



## एक नजर में



### विधायक ने की जनसुनवाई, ग्रामीणों ने सौंपे मांग पत्र

**आष्टा.** विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के कार्यालय में जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नागरिक पहुंचे. ग्राम मैना के ग्रामीणों ने गायत्री मंदिर एवं आसपास के रहवासियों को नल-जल योजना से कनेक्शन देने की मांग को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा. इस दौरान पेयजल, सड़क, हैंडपंप, पेंशन, रोजगार, विद्युत ट्रांसफार्मर, धर्मशाला निर्माण, आर्थिक सहायता, नामांतरण, पानी के टैंकर, मुरमीकरण सहित विभिन्न समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए. विधायक इंजीनियर ने कहा कि तथा शासन स्तर की मांगों को शासन तक पहुंचाया जाएगा.




### पीएमजनमन अभियान के अंतर्गत ग्रामों में लगे शिविर

**सीहोर.** जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने और शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए धरती आबा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान चलाया जा रहा है. जिले में 25 मई तक जनजातीय समुदाय के लिए लाभार्थी संतृप्ति शिविर, जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले का आयोजन किया जा रहा है. अभियान के अंतर्गत सालीखेड़ा, भीलखेड़ा खुर्द और आंवलीखेड़ा सहित चिन्हित ग्रामों में शिविर लगाए गए और पात्र हितग्राहियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया.



### दीपेश बने जाट महासभा के प्रदेश महासचिव

**बुधनी.** अखिल भारतीय जाट महासभा द्वारा बांद्राभान में सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन कर संगठन विस्तार एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई. संगठन के राष्ट्रीय महासचिव यदुवीर सिंह एवं सचिव राजेंद्रसिंह जाट की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष विलास पटेल ने दीपेश पटेल को अखिल भारतीय जाट महासभा का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, शाहगंज हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष विनय भार्गव, अजुध्या गोदारा एवं देवीलाल बेड़ा आदि उपस्थित रहे.




### सीएफएमटीटीआई ने शुरू किया हरित अभियान

**बुदनी.** केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान द्वारा स्मार्ट कृषि, हरित ऊर्जा और सतत विकास के विजन को आगे बढ़ाने के लिए संस्थान परिसर में कई अभिनव एवं पर्यावरण अनुकूल पहलें प्रारंभ की गई हैं. ड्रोन आधारित कृषि तकनीक, सटीक खेती, उन्नत कृषि यंत्रीकरण और डिजिटल कृषि के विभिन्न आयामों पर जानकारी प्रदान की जा रही है. पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन देने परिसर में निदेशक एवं अधिकारियों के आवागमन के लिए विद्युत चालित वाहनों का उपयोग भी शुरू किया गया है. सरकारी संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की वाहन मांगों को एकीकृत करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है. निदेशक डॉ. बीएम नांदेड़े ने कहा कि सीएफएमटीटीआई आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है. ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सटीक खेती और डिजिटल तकनीकों का उपयोग भविष्य की कृषि को अधिक उत्पादक, लाभकारी और पर्यावरण अनुकूल बनाएगा.



### आर्य वीर दल शिविर में सोनी ने दिया प्रेरणादायी उद्बोधन

**सीहोर.** स्थानीय सेंट मैरी स्कूल में चल रहे 10 दिवसीय पूर्णकालिक आवासीय आर्य वीर दल के सद्चरित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण शिविर में संघ कार्यवाह, भारत सोनी ने युवाओं को संबोधित करते हुए प्रेरणादायी उद्बोधन दिया. श्री सोनी ने अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं चरित्र निर्माण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मजबूत राष्ट्र का निर्माण सशक्त एवं संस्कारित युवाओं से ही संभव है. उन्होंने व्यायाम, योग एवं नियमित दिनचर्या को जीवन का आवश्यक हिस्सा बनाने पर बल दिया. इस प्रकार के शिविर युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में तथा मानव में शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास करने में भूमिका निभाते हैं. कार्यक्रम में नवीन सोनी, रवि ठकराल, अंकुश जैन, आर्य रितेश राठौर महेंद्र कौशल, आर्य समाज के प्रधान नरेश चंद्र आर्य, संदीप आर्य, नितिन नरोलिया, राजेंद्र राठौर आदि उपस्थित रहे.

# दावों में सुपोषण, हकीकत में रस्म अदायगी

## जिले में चल रहा एक कदम सुपोषण की ओर, इसके बाद भी दूर नहीं हो रहा गरीब बच्चों का कुपोषण

- पोषण टोकरी बांटकर फोटो खिंचवाने में अधिक दिलचस्पी
- जिले में 605 बच्चे गंभीर कुपोषण की श्रेणी में

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 मई. जिले में कुपोषण के खिलाफ चलाए जा रहे सरकारी अभियानों की चमकदार तस्वीरों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर सामने आ रहा है. जिला अस्पताल में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक कदम सुपोषण की ओर अभियान के तहत कुपोषित बच्चों को पोषण टोकरियां वितरित की गई. सरकारी फाइलों और प्रेस नोटों में यह आयोजन सफल बताया जा रहा है, लेकिन यदि जमीनी हालात और सरकार के ही पोषण ट्रैकर ऐप के आंकड़ों को देखा जाए तो यह पूरा अभियान केवल रस्मअदायगी और फोटो सेशन बनकर रह गया है.**

सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक जिले में वर्तमान में 605 बच्चे गंभीर कुपोषण की श्रेणी में हैं, जिन्हें तत्काल पोषण और चिकित्सकीय देखभाल की जरूरत है. इसके बावजूद प्रशासन अस्पताल के बंद कमरों में चुनिंदा बच्चों को पोषण टोकरी बांटकर सुपोषण अभियान की सफलता का दावा कर रहा है.




**सीहोर.** जिले में इन दिनों महिला बाल विकास विभाग द्वारा एक कदम सुपोषण की ओर अभियान चलाया जा रहा है.

सबसे बड़ा सवाल पोषण ट्रैकर ऐप की विश्वसनीयता को लेकर उठ रहा है. केंद्र सरकार के इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आंगनबाड़ी स्तर से बच्चों के वजन और ऊंचाई की एंट्री की जाती है. आरोप है कि कई स्थानों पर लक्ष्य पूरा करने के दबाव में आंकड़े वास्तविकता से अलग दर्ज किए जा रहे हैं. ऐप में जो बच्चे सामान्य या कम कुपोषित दिखाए जाते हैं, वही बच्चे जब जिला अस्पताल पहुंचते हैं तो वे गंभीर तीव्र कुपोषण (सेम) की स्थिति में पाए जाते हैं. इससे साफ जाहिर होता है कि कागजों और ऐप पर दिखाई जा रही तस्वीर और धरातल में भारी अंतर है.

जानकारों का कहना है कि आंकड़ों की इस बाजीगरी से अधिकारी अपनी उपलब्धियां तो गिना देते हैं, लेकिन असल समस्या जस की तस बनी हुई है. जब बजट आता है तो अस्पताल में कुछ टोकरियां बांटकर अभियान की सफलता का प्रचार कर दिया जाता है, जबकि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले कुपोषित बच्चों तक नियमित पोषण आहार और स्वास्थ्य सेवाएं अब भी नहीं पहुंच पा रही हैं.

अस्पताल में हुए कार्यक्रम ने प्रशासन की कार्यप्रणाली और नीयत दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं. जिले में बड़ी संख्या में बच्चे एनीमिया और कुपोषण से पीड़ित हैं. ऐसे में क्या केवल एक औपचारिक आयोजन से पूरे जिले की तस्वीर बदल सकती है?

ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कई परिवार ऐसे हैं जहां बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पा रहा, लेकिन विभागीय अमला आंकड़ों और आयोजनों में व्यस्त नजर आता है. इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग का कहना है कि एक कदम सुपोषण की ओर अभियान के तहत समय-समय पर पोषण टोकरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. सीडीपीओ शहरी बीएल मालवीय के अनुसार, कार्यक्रम का उद्देश्य कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार लाना है. उन्होंने बताया कि बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया. कार्यक्रम में सीडीपीओ ग्रामीण प्रियंका दीवान सहित कर्मचारी उपस्थित रहे.हालांकि सवाल अब भी यह है कि क्या सिर्फ टोकरियां बांटने और फोटो खिंचवाने से कुपोषण जैसी गंभीर समस्या का समाधान संभव है, या फिर प्रशासन को अब जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है.

#### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर एंट्री का दबाव

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर पोषण ट्रैकर ऐप में शत-प्रतिशत एंट्री का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि उन्हें न तो पर्याप्त तकनीकी संसाधन उपलब्ध हैं और न ही कई क्षेत्रों में इंटरनेट नेटवर्क की सुविधा. परिणामस्वरूप, कई बार जल्दबाजी में या लक्ष्य पूरा करने के लिए गलत आंकड़े अपलोड कर दिए जाते हैं. यही कारण है कि सरकारी रिकॉर्ड में सुपोषण दिखाई देता है, लेकिन जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्रों में आज भी कुपोषित बच्चों की संख्या कम नहीं हो रही.

### नियमों के उल्लंघन पर 40 लाइसेंस निलंबित




**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुगम बनाने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई. बैठक में एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना ने भी दिशा निर्देश दिए. कलेक्टरने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्यवाही लगातार जारी रखी जाए. इस दौरान बताया गया कि जिले में ब्लैक स्पॉट 09 से घटकर अब 07 हो गए हैं. बैठक में ओवर स्पीडिंग पर नियंत्रण को लेकर विशेष चर्चा की गई. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हाईवे के टोल नाकों के समीप स्पीड रडार गन के माध्यम से तेज गति से वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए. साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए आवश्यकतानुसार ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के प्रस्ताव भी भेजे जाएं. बैठक में जानकारी दी गई कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर पिछले एक माह में 40 लाइसेंस निलंबित किए गए है.

### कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सीहोर.** कृषि विभाग द्वारा किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत जिले के सभी जनपदों में 21 मई से आगामी दस दिनों के लिए कृषि रथ जिले में चलाए जा रहे हैं, विधायक सुदेश ने राय ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.बुधनी में जनपद अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, आष्टा में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, इछावर में जनपद उपाध्यक्ष शंकर जायसवाल, भैरूंदा में निगम अध्यक्ष रवि मालवीय तथा विधायक रमाकांत भार्गव ने कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर पंचायतों की ओर रवाना किया. कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस रथ के साथ अधिकारी रूट चार्ट अनुसार प्रत्येक पंचायतों का भ्रमण करेंगे और किसानों को जानकारी देंगे.

## महर्षि संस्थान की बेशकीमती जमीन पर फर्जीवाड़े का मामला

- ईडी की कार्रवाई से हड़कंप, मास्टरमाइंड गिरफ्तार
- बुधनी की बेशकीमती जमीनों पर भी थी नजर

नवभारत न्यूज

**बुधनी 21 मई.** देश भर में सनसनी फैलाने वाले महर्षि संस्थान भूमि घोटाले में अब ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित मास्टरमाइंड जी. रामचन्द्र मोहन और आकाश मालवीय को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं प्रदीप सिंह की कंपनी सिंहवाहिनी से जुड़े कई ठिकानों पर भी छापेमारी की गई है. करोड़ों नहीं बल्कि हजारों करोड़ रुपये मूल्य की धार्मिक एवं संस्थागत जमीनों के फर्जीवाड़े का यह मामला चर्चा का विषय बन चुका है.

जानकारी के अनुसार महर्षि महेश योगी की प्रतिष्ठित संस्था स्पिरिचुअल रीजनरेशन मूवमेंट फाउंडेशन ऑफ इंडिया एसआरएम की देश भर में फैली बहुमूल्य जमीनों को फर्जी दस्तावेजों और अवैध रजिस्ट्रियों के जरिए बेचने का संगठित नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था. जांच एजेंसियों को इस पूरे मामले में बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता के संकेत मिले हैं.

मामले की गंभीरता को देखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने भी सख्त रुख अपनाया है. 12 मई को सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के मुख्य सचिव को विशेष जांच दल एसआईटी गठित कर स्वतंत्र और त्वरित जांच कराने के निर्देश दिए हैं. बताया जा रहा है कि कई राज्यों में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपी लगातार सक्रिय बने हुए थे और धार्मिक संस्थाओं की जमीनों को निशाना बना रहे थे.

इस हाईप्रोफाइल घोटाले की आंच अब जिले तक पहुंच गई है. सूत्रों के मुताबिक गिरोह की नजर ग्राम जर्रापुर और बेरखेड़ी स्थित महर्षि संस्था की बेशकीमती जमीनों पर थी. आरोप है कि जी. रामचन्द्र मोहन और उसका सहयोगी मनोज सिंह जमीनों के अवैध विक्रय की तैयारी में जुटे थे.

मामला सामने आने के बाद महर्षि संस्था की ओर से स्थानीय न्यायालय में व्यवहार वाद दायर किया गया. इसके बाद जिला न्यायाधीश ने विविध अपील क्रमांक एमसीए 213/2024 में 12 नवंबर को आदेश जारी करते



हुए जी. रामचन्द्र मोहन और मनोज सिंह के खिलाफ अस्थायी निषेधाज्ञा लागू कर दी. न्यायालय ने संबंधित जमीनों के विक्रय और हस्तांतरण पर तत्काल रोक लगा दी थी. अब ईडी की गिरफ्तारी और छापेमारी के बाद नगर से लेकर दिल्ली तक हड़कंप की स्थिति है. जांच एजेंसियां इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाल रही हैं. सूत्रों का दावा है कि कई और बड़े नाम जांच के घेरे में आ सकते हैं. महर्षि आश्रम के प्रभारी अशोक खरे ने कहा संस्था की जमीनों को बचाने के लिए कानूनी लड़ाई लगातार जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है.

## नगर के तीन वार्डों को मिली विकास कार्यों की सौगात

- वार्ड क्र. 7, 8 एवं 11 में होंगे 47 लाख के विकास कार्य
- नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 मई.** नपा द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं. इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 7, 8 एवं 11 में लगभग 47 लाख रुपए से अधिक लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ.

इस मौके पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि बारिश से पहले शहर में सभी जर्जर सड़कों का निर्माण किया जाएगा. इसके अलावा जल भराव की समस्या को दूर करने के लिए नालियों का निर्माण किया जा रहा है.

वार्ड क्रमांक 7 में आंतरिक गलियों के विकास कार्यों के साथ लगभग 24 लाख रुपए लागत की सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया. वहीं वार्ड क्रमांक 8 में इंग्लिशपुरा मस्जिद से लेकर नाले तक 9 लाख 32 हजार रुपए लागत की नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया. इसके अतिरिक्त वार्ड क्रमांक 11 में अंबेडकर पार्क के पीछे बाउंड्री वॉल, टीन शेड एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया. लगभग 13 लाख 68 हजार रुपए लागत से



होने वाले इस कार्य से क्षेत्र की सुंदरता बढ़ने के साथ नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नपा शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कर रही है. कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, पार्षद प्रतिनिधि विजेंद्र परमार, दिनेश कुशवाहा, लोकेन्द्र वर्मा, राजेश माझी, कमलेश राठौर सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे.

### देवीधाम के समीप जंगली जानवर की आहट

नवभारत न्यूज

**बुधनी 21 मई.** देवीधाम सलकनपुर में इन दिनों तेंदुए की गतिविधियों से श्रद्धालुओं और लोगों में भय का माहौल बना हुआ है. मंदिर पहुंच मार्ग पर कुछ दिन पूर्व एक साधू की जंगली जानवर के हमले में हुई मौत के बाद मंदिर ट्रस्ट ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन और वन विभाग को सतर्क किया है.

जानकारी के अनुसार 14 मई को प्रतिदिन पैदल दर्शन के लिए आने-जाने वाले एक साधु पर दिनदहाड़े किसी जंगली जानवर ने हमला कर दिया था. हमले में साधु की मौत हो गई थी. घटना के बाद से मंदिर मार्ग और आसपास के जंगल क्षेत्र में लगातार तेंदुए की मौजूदगी की सूचनाएं मिल रही हैं. कई लोगों द्वारा तेंदुए को देखे जाने की बात सामने आने से श्रद्धालुओं और दुकानदारों में दहशत बढ़ गई है. ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है. ट्रस्ट का कहना है कि यदि समय रहते जंगली जानवर को रेस्क्यू कर सुरक्षित वन क्षेत्र में नहीं छोड़ा गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है.

ट्रस्ट द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक रमाकांत भार्गव, कलेक्टर, एसपी तथा डीएफओ सहित प्रशासनिक एवं वन विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर देवीधाम के समीप तत्काल सर्चिंग ऑपरेशन चलाने की मांग की गई है.

**आयोजन** करोड़ों के विकास कार्यों को मिली मंजूरी, बाल विहार मैदान दादा शिवलाल सिंह चौहान के नाम पर होगा विकसित

## राजीव गांधी ने गढ़ी थी आधुनिक भारत की तस्वीर : गुजराती

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 मई.** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता एवं विधानसभा प्रभारी दिनेश मेघानी शहर ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम यादव के विशेष अतिथ्य में उन्हें याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया.

इस मौके पर राजीव गुजराती ने राजीव गांधी को याद करते हुए कहा कि कुछ लोग इतिहास पढ़ते हैं, कुछ लोग इतिहास रचते हैं, राजीव गांधी जी उन महान नेताओं में थे, जिन्होंने आधुनिक भारत की नई तस्वीर गढ़ी.

उनकी दूरदर्शी सोच, सरल व्यक्तित्व और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण आज भी करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणा है. देश के विकास, संचार क्रांति, शिक्षा और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा. दिनेश मेघानी ने कहा कि देश के विकास, आधुनिक सोच, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता के लिए आपका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा. घनश्याम यादव ने कहा कि आज पुण्यतिथि नहीं बलिदान दिवस है भारत के युवा प्रधानमंत्री जी का ही नहीं अपितु उन प्रधानमंत्री का जिन्होंने 40 वर्ष की आयु में भारत के तत्कालीन युवाओं का ही नहीं आने वाली पीढ़ियों के युवाओं के मार्गदर्शक बने. उन्हें इतिहास सदैव याद रखेगा. इस मौके पर सभी उपस्थित कांग्रेसजनों ने श्री राजीव गांधी के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया. तत्पश्चात सीहोर ब्लाक की बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें शहर के विभिन्न वार्डों में वार्ड कमेटीयों का गठन तत्परता से करने के सभी कांग्रेस पार्षदों एवं कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को निर्देश दिए गए.

इस अवसर पर विवेक राठौर, ओम वर्मा, नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, रमेश गुप्ता, डॉ.अनीस खान, भूरा यादव, विजय उपाध्याय, दिनेश भेरवे, राकेश वर्मा, नरेन्द्र खंगराले, आशीष गेहलोत, राम प्रकाश चौधरी, हसीन कुरैशी, इरफान



लाला, मजीद अंसारी, कलीम पठान, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल, ममता शर्मा, के.के.रिछारिया, मुकेश गड़ोदिया, प्रेम नारायण परमार, रामायण प्रसाद शुक्ला, कमलेश चाण्डक, तारा यादव, संतोष मालवीय, पंकज शर्मा, अरूण मालवीय, गजराज परमार, यश यादव, हरिओम सिसोदिया, दिव्यांश मालवीय, प्रवेश परिहार, अभिषेक लोधी, विवेक टांक, जतिन परमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे.


**न्यायालय तहसीलदार तहसील सीहोर, नगर जिला सीहोर, म.प्र**

प्रकरण क्र.0061/ब-121/2021-22 ग्राम छावनी

- :जाहिर सूचना:-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदिका अर्चना टिंगोरिया पत्नि अरुण टिंगोरिया निवासी नया बस स्टेंड सीहोर द्वारा न्यायालय तहसील सीहोर नगर में प्र.क्र.0061/ब-121/2021-22 के द्वारा अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन के संबंध में भूमि सर्वे क्र.423/6 एवं 423/20 पर आवेदन के अनुक्रम में अभिलेख दुरूस्ती किया जाना है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति एवं हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति जाहिर सूचना के 07 दिवस के अंदर न्यायालय में स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। वाद म्याद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाकर एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यह उदघोषण आज दिनांक 21/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील सीहोर नगर